संख्या- 08/2021/96/24-1-2021-81पी/2015

प्रेषक:

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कार्यवाहक निदेशक,
विद्युत सुरक्षा निदेशालय,
विभूति खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक फरवरी, 2021**

विषयः-विद्युत सुरक्षा निदेशालय को वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च, 2020 के अनुक्रम में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के पत्र संख्या-99 मु0/एक-5(बजट)/2020-21, दिनांक 22 जुलाई, 2020 एवं पत्र संख्या-2736 मु0ई0/कार्यालय भवन/अनुरक्षण/2020-21, दिनांक 11 जनवरी, 2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के आय-व्ययक में लोक निर्माण कार्य-विद्युत सुरक्षा निदेशालय (अनुरक्षण) - कार्यालय भवन-रखरखाव तथा मरम्मत हेतु प्राविधानित धनराशि रूपये 20,00,000/- (रूपये बीस लाख मात्र) को व्यय करने हेतु श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- उपरोक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण कार्यालय भवन के सामने की बाउन्ड्रीवाल का पुनः निर्माण एवं कार्यालय प्रवेश-द्वार बदलने का कार्य, निदेशक महोदय के कक्ष खिड़की को बदलने का कार्य तथा कक्ष संख्या-206, 207, 216 एवं 217 का रिनोवेशन सम्बन्धी कार्य हेतु किया जायेगा।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक ही व्यय किया जायेगा।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि को यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 को इस शर्त के साथ उपलब्ध कराये जाने की सहमति प्रदान की जाती है कि प्रश्नगत कार्य यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 से कराया जायेगा।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्ष "2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-053-रखरखाव तथा मरम्मत-03 विद्युत सुरक्षा निदेशालय-29- अनुरक्षण" के नामे डाला जायेग।

भवदीय,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-08/2021/96(1)/24-1-21, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001।

2- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001।

3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर- एच, अलीगंज लखनऊ।

4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/

6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in